धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

रैली में मादक व ढोलक पर थिरके अनुयायी

खंडवा, (निप्र)। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 127 वीं जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। कई संगठन रैलियों के रूप में जिला अस्पताल स्थित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा के पास पहुंचे। यहां प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघ ने भंडारिया रोड स्थित छात्रावास परिसर से रैली निकाली। वहीं अजाक्स ने टैगोर पार्क से रैली निकाली। दिनभर बाबा साहब को लेकर पूरे शहर में ही नहीं जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। रैली में आदिवासी नृत्य के साथ ढोल-ढमाके व बैंड भी दिखाई दे रहे हैं। आदिवासी गानों पर हाथ में तीर कमान लिए थिरकते छात्र संघ के कार्यकर्ता नजर आए।

गानों पर झूमा छात्रसंघ

मप्र अनुसूचित जाति जनजाति छात्रसंघ के नेतृत्व में रैली निकाली गई। रैली में आदिवासी छात्र-छात्राएं नृत्य करती हुई आगे-आगे चल रही थी। पीछे ट्राली में बाबा साहेब का आदमकद छायाचित्र था। छात्रसंघ बैंड की थाप पर आदिवासी नृत्य करते नजर आ रहे थे। बाबा साहब अमर रहे के नारे गुंजायमान हो रहे थे। सैकड़ों की संख्या में छात्र रैली में मौजूद थे। रैली कार्यक्रम स्थल जिला अस्पताल चौक स्थित बाबा साहब स्मारक पर पहुंची। यहां उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन दिए।

भाजपा ने भी याद किया बाबा साहब को

संविधान शिल्पी डा. बाबा साहेब अंबेडकर जन्म जयंती भाजपा द्वारा जिला मुख्यालय खंडवा में भी मनाई गई। जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले के नेतृत्व में जिला अस्पताल स्थित बाबा की प्रतिमा है पर पहुंचकर भाजपा परिवार पुष्पमाला पहनाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मीडिया प्रभारी सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती जिला मुख्यालय के साथ ही मंडल एवं ग्राम स्तर पर मनाई गई। खंडवा में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले के साथ ही शहर के महापौर सुभाष कोठारी एवं विधायक देवेन्द्र वर्मा व पार्टी संगठन के कार्यकताओं ने जिला अस्पताल के सामने पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावांजलि अर्पित की। वहीं इंदिरा चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर भी बाबा साहेब के छायाचित्र पर कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

बाबा साहेब को किए श्रद्धासुमन अर्पित

भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर स्वामी विवेकानंद व्याख्यानमाला समिति खंडवा द्वारा सुबह 11 बजे संविधान निमार्ता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके राष्ट्र निर्माण में उनके अभूतपूर्व कार्यो को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समिति अध्यक्ष डा. दिलीप जैन, सचिव भूपेन्द्रसिंह चौहान, संयोजक संतोष गुप्ता, सुमित जैन, डा. शक्तिसिंह राठौड़, डा. शिवशंकर गुर्जर, डा. दिनेश लौवंशी, डा. राधेश्याम पटेल, मंगलेश तोमर, जगदीश अग्रवाल, रत्नेश भाटे, शुभम अग्रवाल, अमित मिश्रा, सुधांशु जैन, प्रिंस जैन, राजेश धात्रक, सुंदरलाल ठाकुर, चंदन सैनी, अमित पालीवाल ने बाबा साहेब की प्रतिमा के समीप साफ-सफाई कर प्रतिमा को अपने हाथों से स्नान कराकर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शिवसैनिकों ने भी किया माल्यार्पण

जन-गण-मन का अंतिम पंक्ति का अंतिम व्यक्ति अधिनायक है। बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि का घोष कर्ता, स्वतंत्र भारत का प्रथम राष्ट्रीय न्याय मंत्री डा. भीमराव अंबेडकर अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से ब्रिटिश संसद की बाईडामिनियन पालिसी के दोषों को निर्मूल करते हुए अपने विचारों और कार्यों में सदा स्पष्ट रहे। कृतज्ञ राष्ट्र जन्मदिन पर उनका कोटि-कोटि अभिनंदन करता है। जिला अस्पताल के सामने अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जिला शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पीके भानुप्रिया, संतोष राजाणी, विक्की सामरे, राज वर्मा, राज गौर, अनिल प्रजापिता, देवेन्द्र मिश्रा, अनिल तायड़े, ईश्वर इंगले, कुलदीप ठाकुर, महेश बोरावले सहित शिवसैनिक उपस्थित थे।

अजाक्स ने भी किया बाबा साहब को याद

मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ खंडवा ने भी बाबा साहब आम्बेडकर को याद किया। संघ द्वारा शनिवार रैली निकाली गई, रैली का मुख्य आकर्षण ढोल मांदल की थाप पर आदिवासी युवाओं का लोक नृत्य रहा। रैली में संघ के अधिकारी कर्मचारी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति युवा वर्ग (नाजी) तथा आदिवासी संगठन के साथ ही समाजिक बंधु भी उपस्थित रहे, रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए इंदिरा चौक, बस स्टैण्ड, बाम्बे बाजार, नगर निगम, जिला अस्पताल के सामने बाबा साहब की प्रतिमा पर पहुंचकर अजाक्स के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर बाबा साहब का सम्मान किया।

पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत

सामाजिक समरसता समिति द्वारा घंटाघर चौक पर अंबेडकर जयंती पर निकले जुलूस पर पुष्पवर्षा करते हुए बाबा साहेब के अनुयायियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के विभाग प्रमुख भगवान पाटिल, जिला संयोजक चंद्रशेखर मिश्रा, राजेन्द्र भार्गव तथा समिति के लोग भी उपस्थित थे।

आग उगल रहा सूरज पारा 41 के पार

खंडवा, (निप्र)। अप्रैल माह के मध्य में ही सूर्य देवता ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सूरज की तेज तपन व गर्मी से बचने के लिए लोग साधन तलाश रहे हैं। दिन की शुरूआत जहां ठंडक भरी है वहीं दोपहर तेज तपन व गर्मी का अहसास कराने लगी है। शनिवार को सूरज का रुख कड़ा होकर पारा 41.5 अधिकतम डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम 24.0 रहा। जैसे जैसे दिन बीतते जा रहे हैं वैसे-वैसे मौसम में गर्माहट महसूस होने लगी है। साथ ही तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। तेज तपन के साथ सूरज जहां अपने तेवर दिखा रहा है वहीं उमस व गर्मी का एहसास भी होने लगा है। सूरज की तपन व गर्मी से बचने के लिए लोग बाजार में साधनों की खरीद फरोख्त में लग गए हैं। बाजार में चश्मा, टोपी, छाता सहित गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी आदि संसाधनों की बिक्री भी बढ? लगी है। साथ ही गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय जिसमें गन्ने का रस, मौसंबी, अनानास का ज्यूस व बर्फ के गोले व शरबत का मजा लेने से भी नहीं चूक रहे। शीतल पेय की दुकानों में भी गला तर करने के लिए भीड़ जमा होने लगी है। जिस तरह से अप्रैल के मध्य में गर्मी अपना तेज दिखा रही है उसके हिसाब से आने वाले दिनों में तपन के साथ ही गर्मी भी शहरवासियों को परेशान करेगी। अभी मई माह बाकि हैं। अगर यही हाल रहे तो निश्चित ही मई माह में रिकार्ड गर्मी पड़ेगी। मौसम के जानकारों के मुताबिक भी आगामी महीनों में सूरज अपने तेवर दिखाएगा साथ ही उमस व गर्मी से लोग परेशान रहेंगे।

डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया

मूंदी। संविधान निमार्ता भारतरत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की 127 वीं जयन्ती के अवसर पर मूंदी के अम्बेडकर चौक में स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे। अम्बेडकर चौक पर आयोजित समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष सन्तोष राठौर, मांधाता के कांग्रेस नेता नारायण पटेल, एनएचडीसी डायरेक्टर नरेन्द्रसिंह तोमर, पार्षद सखाराम निमोले ने सम्बोधित किया। वक्ताओ ने भारतरत्न बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और देश के प्रति उनके योगदान को उल्लेखनीय बताया। वक्ताओं ने कहा कि देश में छुआछुत और समाज सुधार के क्षेत्र में डा. अम्बेडकर ने ऐतिहासिक काम किया है। डा. अम्बेडकर की जयन्ती पर मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर नहारू पटेल, दिनेश मालवीय, रमेश बर्मन, आनन्द राठी, सावन माणिक, मोतीराम कोठारे, पार्षद अयूब मंसूरी, आशीष गौर मौजूद थे।

बाबा साहब की जयंती मनाई

हरदा, (निप्र)। 14 अप्रैल को संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 127 वी जयंती के उपलक्ष में जिला अजाक्स कार्यालय हरदा में सभा के माध्यम से मनाई गई जिसमें डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम के पूर्व अम्बेडकर चोक पर पहुचकर सभी सामाजिक जनो द्वारा डॉ. अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अनुसूचित जाति जनजाति के सामाजिक संगठनों के माध्यम से मनाई गई जिसमें अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार डेहरिया अजाक्स संघ कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश मसकोले सुखराम बामने अधिवक्ता अंबेडकर छात्र युवा संगठन जिला अध्यक्ष राहुल पवारे आदिवासी छात्र संगठन जिला अध्यक्ष लोकेश कलमे एवं सभी अनुसूचित जाति जनजाति के प्रतिनिधि ने बढ़ चढ़कर डॉअंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई इसमें मंच संचालन जी आर चौरसिया के द्वारा किया गया जिस में उपस्थित सामाजिक गण मोहन लखोरे एडवोकेट मनमोहन तेलैये लक्ष्मण सिटोके अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष कैलाश चंद्र कुंचबदिया राष्ट्रीय मंत्री आदिवासी समाज के विकाश परिषद के जिलाध्यक्ष प्यारे लाल धुर्वे महिला संघ अध्यक्ष ज्योति दमाडे मनोज मेश्राम बोधिसत्व सोसाइटी आरसी तिलवारे अहिरवार समाज अध्यक्ष भानु प्रकाश सेजकर कतिया समाज संघ अध्यक्ष दिनेश मालवीय अधिवक्ता छात्र संघ जिला उपाध्यक्ष तरुण झिंझोरे कमलेश सेजकर अधिवक्ता रामचंद्र सांवरे मेहरा समाज संघ जिला अध्यक्ष महेश बामने ब्लाक अध्यक्ष मेहरा समाज संघ खिरकिया देवराम माणिक पंकज उपरारिया राजेश उपकारे कमलेश डोंगरे रामअवतार चौरसिया पूर्व जिलाध्यक्ष अजाक्स संघ के योगेश बिल्लोरे मथुरा मौर्य वंश कार समाज रामशंकर बुनकर आदि सामाजिक द्वारा अंबेडकर जयंती इसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय पर चर्चा की गई एवं उनके विचारों पर चलने की बात कहीं

किसान सम्मान यात्रा की तैयारी हेतु बैठक

हरदा, (निप्र)। किसान सम्मान यात्रा के समापन कार्यक्रम की स्मरेखा तैयारी किये जाने हेतु हरदा नगर पालिका परिषद के वातानुकूलित सभाकक्ष में किसान सम्मान यात्रा की बैठक आहूत की गई। बैठक के प्रारम्भ करने से पूर्व हरदा नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन द्वारा बाबा अंबेडकर साहब की 127वीं जयंती के शुभअवसर पर बैठक में पधारे सभी सदस्यों को शुभकामनाए दी। और डॉ.अंबेडकर जी अम्बेडकर साहब के देश के प्रति समर्पित भाव को उनकी सेवा को सभी के सामने रखा। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन द्वारा किसान सम्मान यात्रा बैठक के प्रारम्भ में बताया कि देश का किसान इस देश की नींव है। जिसके सम्मान में सरकार द्वारा यह किसान सम्मान यात्रा का कार्यक्रम सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

केंसर के प्रति जागरूकता अभियान कार्यक्रम आज

खंडवा, (निप्र)। श्रीमती कमलाबाई फकीरचंद जैन चैरिटेबल ट्रस्ट जैन नर्सिंग होम खंडवा एवं श्री पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन श्री पोरवाड़ दिगंबर जैन धर्मशाला में 15 अप्रैल रविवार को रात्रि में 7 से 8 बजे तक रखा गया है। समाज के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इसमें विशेष रूप से महिलाओं में होने वाले सभी प्रकार के कैंसर की जानकारी एवं इससे बचने के उपाय सहित सुरक्षा इत्यादि पर खंडवा शहर की प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डा. भावना अत्रिवाल एवं डा. प्रीती गुर्जर द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक डा. दिलीप जैन, पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र भट्टर्वाण, सचिव रंजन जैनी, उपाध्यक्ष अजय जैन, कोषध्यक्ष अविनाश जैन सहित ट्रस्ट मंडल के संतोष बांस, संजय पंचोलिया, विपिन जैन, मिलन जैन, सचिन्द्र जैन, संकल्प जैन, प्रेमांशु चौधरी ने समस्त महिलाओं को विशेष रूप से उपस्थित होकर केंसर जागरूकता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

प्रचार-प्रसार के लिए निजी कंपनियां कर रही सरकारी संपत्ति का उपयोग

सरकारी संपत्ति पर लगे निजी कंपनियों के होर्डिंग व पम्पलेट

खंडवा, (निप्र)। एक तरफ शहर में अतिक्रमण मुहिम चल रही है वहीं दूसरी ओर शहर की सरकारी संपत्तियों पर विज्ञापनों की भरमार है क्या यह अतिक्रमण की श्रेणी में नहीं आता? नगर में विज्ञापनों के प्रचार प्रसार को लेकर निजी कंपनियों की होड़ लगी हुई है। नगर के शासकीय भवनों, सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर कोचिंग क्लासेस, नेताओं के होर्डिंग, निजी दुकानदारों के एड बोर्ड, निजी कृषि बीज कंपनियों के पम्पलेट विज्ञापन के रूप में देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही नगर में कई जगह पेड़ों पर भी होर्डिंग टंगे हुए देखे जा सकते हैं।

गौरतलब है कि निजी कंपनियां ने अपने उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए निजी भवनों व होर्डिंग्स पर रुपए खर्च करने की बजाए सीधे सरकारी भवनों की दीवारों को प्रचार प्रसार का माध्यम बना लिया है। अपने उत्पाद का प्रचार प्रसार करने के लिए वे शासकीय भवनों से लेकर सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर अपने उत्पाद का नाम लिखवा रही हैं। वहीं जूनी इंदौर रोड लाईन बायपास, जिला अस्पताल रोड, मूंदी रोड, पंधाना रोड के बीच बने डिवाइडरों में लगे



बिजली के पोलो पर भी छोटे-छोट विज्ञापन के बोर्ड लगा दिए गए हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन पर अंकुश लगाना कितना जरूरी है।

दीवारों पर छाया पम्पलेटों का जाल: निजी कंपनियां अधिकांशतः शासकीय भवन की दीवारों को विज्ञापन के लिए निशाना बनाती है और दीवारों पर जगह-जगह पंपलेटों का जाल सा बिछा दिखता है और इन पर किसी तरह की कोई रोकटोक नहीं है। यहां तक कि इन्होंने बिजली के खंभों पर तो होर्डिंग या किसी भी तरह की वस्तु टांगना दुर्घटना का सबब बन सकता है। कानून में इस कृत्य के लिए सजा एवं अर्थदंड का प्रावधान है। आखिर विद्युत विभाग इन संस्थाओं पर कार्रवाई करने से क्यों कतरा रहा है।

दिशा सूचक भी नहीं छोड़े- बिना खर्च किए विज्ञापन करने वालों ने जहां मन आया वहां पर पंपलेट चिपका दिए। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग द्वारा लगाए गए दिशा सूचक बोर्डों को भी नहीं छोड़ा है। स्कूल, कालेज, सिविल अस्पताल, बस स्टैंड सहित अनेक स्थानों पर लगे बोर्ड पर भी पंपलेट चस्पा कर दिया गया है।

पेड़ व बिजली पोल भी नहीं बख्शे- अवैध विज्ञापन करने वालों ने बिजली पोल से लेकर हरे भरे पेड़ों को भी नहीं छोड़ा है। नगर के कई बिजली पोलों पर अवैध विज्ञापन के बोर्ड लटके नजर आते हैं। इस कारण आए दिनों शार्ट-सर्किट के कारण बिजली गुल होने से एवं इन बोर्डों से आगजनी की घटनाएं भी प्रकाश में आ रही हैं। वहीं सुधार कार्य में बाधाएं भी उत्पन्न हो रही है। शहर के प्रमुख मार्गों पर लगे पेड़ों पर भी बोर्ड लगा रखे हैं। विज्ञापन लगाने के लिए पेड़ों पर कील ठोंक देते हैं जिससे पेड़ जल्दी ही सूख जाते हैं। शहर के शासकीय उत्कृष्ट स्कूल, नगर पालिका, विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी से संपर्क करने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने विज्ञापन कंपनियों के किसी प्रकार की अनुमति से इंकार किया है। नगर निगम सीमा में विज्ञापन करने हेतु संबंधित निकाय से अनुमति लेना अनिवार्य है। क्या विज्ञापनों में कोई भी मापदंड हैं पर लागू नहीं है? फिर आखिर संबंधित अधिकारी चुप क्यों है।

कब होती है कार्रवाई- अवैध होर्डिंग वालों पर कार्रवाई चुनाव की अचार संहिता का पालन कराने के दरमियान ही होती है। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश सख्त होते हैं इसलिए कार्रवाई पांच साल में एक बार दिखाई देती है। इस वर्ष विधानसभा चुनाव है आचार संहिता लगने के बाद फिर एक बार शहर को इन होर्डिंगों से मुक्ति मिल सकेगी।

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Plot No.32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015 (M.P.) India Phone : 0731-2723201-3, 2422314-6
Fax No. : 0731-2420681, 2723200
email : sanjay.gorani@gmail.com
anilgorani@yahoo.com
CIN: L28121MP1995PLC009170

NOTICE

NOTICE is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company Gorani Industries Limited will be held on Wednesday, 30th May 2018, to consider, inter alia, the Audited Financial Results of the Company for the year ended on 31st March 2018. A copy of the said notice and Audited yearly financial results shall also be available on Company's website at www.goranindustries.com and also on Stock Exchange's website at www.bseindia.com.

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
Place: Indore (Holding DIN: 00055540)
Date: 12.04.2018 (Whole-Time Director)